महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान
(मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग)
तुलसी नगर, भोपाल (मध्यप्रदेश)–462003
फोन नं.– 0755–2576296

प्रवेशनीति – सत्र 2017–18

शैक्षणिक सत्र 2017–18 में नियमित विद्यार्थियों के प्रवेश के संबंध में निम्नानुसार प्रवेशनीति निर्धारित की जाती है –

1. **प्रवेश की अंतिम तिथि**– 30 सितंबर 2017 होगी। (प्रवेशिका से उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड)
2. **प्रवेश सूची भेजने की अंतिम तिथि**– 05 अक्टूबर 2017 होगी। (पूर्वमध्यमा प्रथम खण्ड से उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड)
3. **प्रवेश हेतु अर्हता –**
   - 3.1 प्रवेशिका (5वीं)– कक्षा चतुर्थ या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।
   - 3.2 प्रथमा (8वीं) – सप्तम या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।
   - 3.3 **पूर्वमध्यमा प्रथमखण्ड (कक्षा 09वीं)** – वे ही विद्यार्थी नियमित रूप से प्रवेश के पात्र होंगे जिन्होंने प्रथमा (08वीं) या सामान्य विद्यालयों से कक्षा (8वीं) की परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा पूर्व वर्षो में संस्कृत बोर्ड/महर्षि पंतजलि संस्कृत संस्थान या अन्य अधिकृत संस्कृत संस्थान /संस्कृत बोर्ड से पूर्वमध्यमा प्रथमखण्ड में अनुत्तीर्ण हुए हों।
   - 3.4 **पूर्वमध्यमा द्वितीयखण्ड (कक्षा 10वीं)** – में वे ही विद्यार्थी नियमित रूप से प्रवेश के पात्र होंगे जिन्होंने पूर्वमध्यमा प्रथमखण्ड (9वीं) या सामान्य विद्यालयों से कक्षा 9वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा पूर्व वर्षो में संस्कृत बोर्ड/महर्षि पंतजलि संस्कृत संस्थान या अन्य अधिकृत संस्कृत संस्थान/संस्कृत बोर्ड से पूर्वमध्यमा द्वितीयखण्ड में अनुत्तीर्ण हुए हों।

3.5 **उत्तरमध्यमा प्रथमखण्ड (कक्षा 11वीं)** – वे ही विद्यार्थी नियमित रूप से प्रवेश के पात्र होंगे जिन्होंने पूर्वमध्यमाद्वितीयखण्ड (10वीं) या सामान्य विद्यालयों से कक्षा (10वीं) की परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा पूर्व वर्षो में संस्कृत बोर्ड/महर्षि पंतजलि संस्कृत संस्थान या अन्य अधिकृत संस्कृत संस्थान/संस्कृत बोर्ड में उत्तरमध्यमा प्रथमखण्ड में अनुत्तीर्ण हुए हों।

3.6 **उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड (कक्षा 12वीं)** – में वे ही विद्यार्थी नियमित रूप से प्रवेश के पात्र होंगे जिन्होंने उत्तरमध्यमा प्रथमखण्ड (11वीं) या सामान्य विद्यालयों से कक्षा (11वीं) की परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा अथवा पूर्व वर्षो में संस्कृत बोर्ड/महर्षि पंतजलि संस्कृत संस्थान या अन्य अधिकृत संस्कृत संस्थान/संस्कृत बोर्ड में **उत्तरमध्यमा** द्वितीयखण्ड में अनुत्तीर्ण हुए हों।

3.7 **सामान्य विद्यालयों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों के संबंध में :–**

यदि कोई विद्यार्थी सामान्य विद्यालयों से कक्षा (8वीं/09वीं) उत्तीर्ण है और पूर्वमध्यमा प्रथम/द्वितीय खण्ड (कक्षा 09वीं/**10वीं** समकक्ष) में प्रवेश चाहता/चाहती हो या कक्षा (10वीं/11वीं) उत्तीर्ण है और उत्तरमध्यमा प्रथम/द्वितीय खण्ड (कक्षा 11वीं/12वीं समकक्ष) में प्रवेश चाहता/चाहती है तो उसे क्रमशः प्रथमासार एवं पूर्वमध्यमासार परीक्षाएँ उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। इस हेतु सामान्य विद्यालयों से आये हुये प्रवेशित विद्यार्थियों के संबंध में विशेष प्रयास करने की आवश्यकता होगी। इसलिये विद्यालय में प्रथमासार/पूर्वमध्यमासार के पाठ्यक्रम की अतिरिक्त कक्षाऐं माह जुलाई से सितम्बर तक लगाकर संस्कृत भाषा एवं साहित्य संबंधी इनके ज्ञान, कौशल एवं दक्षता को संस्कृत विद्यालय में नियमित अध्ययनरत रहे अन्य विद्यार्थियों के समकक्ष स्तर पर लाया जाए। सितम्बर के अंतिम सप्ताह में परीक्षा आयोजित कर इनके द्वारा अर्जित ज्ञान, कौशल एवं दक्षता का मूल्यांकन शाला स्तर पर किया जाए। उक्त परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों के लिये अतिरिक्त कक्षाऐ निरन्तर जारी रहे तथा विद्यालय की अर्धवार्षिक परीक्षा के साथ आयोजित प्रथमासार/पूर्वमध्यमासार की द्वितीय परीक्षा

में इन्हें सम्मिलित किया जाए। यदि कोई विद्यार्थी द्वितीय अवसर में भी प्रथमासार/पूर्वमध्यमासार की परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहता है तो उसे प्रथमाप्रथमखण्ड/पूर्वमध्यमाप्रथमखण्ड/उत्तरमध्यमाप्रथमखण्ड की वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण घोषित किया जाएगा भले ही वह अन्य विषयों में उत्तीर्ण क्यों न हो। प्रथमासार/पूर्वमध्यमासार की उक्त दोनों परीक्षाओं के प्रश्नपत्र संस्थान द्वारा शालाओं को प्रदाय किये जाऐंगे तथा मूल्यांकन शाला स्तर पर किया जाए। **आगामी सत्र की परीक्षा के आवदेन पत्र जमा करने के साथ छात्र एवं विद्यालय प्राचार्य को घोषणा पत्र कि "छात्र द्वारा प्रथमासार/पूर्वमध्यमासार की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है" देना अनिवार्य होगा।**

3.8 प्रवेश हेतु निर्धारित आयु सीमा के संबंध में राज्य शासन के नियम/ निर्देशो का पालन सुनिश्चित किया जाये।

3.9 ***सभी कक्षाओं में 30 सितंबर 2017 तक प्रवेशित नियमित छात्रों की सूची नाम, पिता का नाम, जन्म दिनॉक सहित (संलग्न प्रारूप में) हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी द्वारा संस्थान कार्यालय को दिनॉक 5 अक्टूबर 2017 तक निदेशक महर्षि पंतजलि संस्कृत संस्थान तुलसी नगर भोपाल को स्पीड पोस्ट से भेजना सुनिश्चित करें, तथा प्रेषित की गयी सूची का स्पीड पोस्ट क्रमांक एवं दिनांक संस्थान के ई मेल*** maharshipatanjali 2014@gmail.com ***पर भेजे। यदि किसी संस्था प्रमुख/प्रधानाचार्य के द्वारा दिनॉक 5 अक्टूबर 2017 तक प्रवेश सूची प्राप्त नहीं होती है तो यह समझा जायेगा कि उन कक्षाओं में नवीन छात्रों को प्रवेश नहीं दिया गया है।***

4. **अस्थाई प्रवेश–** जिन परीक्षार्थियों के किन्हीं कारणों से परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुए हैं, उन्हें अस्थाई प्रवेश की पात्रता रहेगी । परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् पात्रता अनुसार कक्षा में प्रवेश मान्य अथवा निरस्त होगा।
5. **नियमित विद्यार्थियों की उपस्थिति–** संस्थान द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में सम्मिलित होने की पात्रता के लिए 75% कक्षा उपस्थिति अनिवार्य होगी। पर्याप्त कारण प्रस्तुत करने पर उपस्थिति में 10% की विशेष छूट का प्रावधान संस्था प्रमुख द्वारा मान्य किया जावेगा।

6. अन्य राज्यों के नियमित प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का प्रवेश अस्थायी होगा एवम् उन्हें संस्थान में ग्राह्यता एवं नामांकन के लिये निर्धारित शुल्क जमा करवाना अनिवार्य होगा इसके अभाव में उनका प्रवेश निरस्त करने का अधिकार महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान का होगा। परीक्षा आवेदन भरे जाने के पूर्व ग्राह्यता आवेदन एवं ग्राह्यता शुल्क भरा जाना अनिवार्य होगा। (पूर्तियों के अभाव में यदि आवेदन पत्र निरस्त किया जाता है तो संस्थान उत्तरदायी नहीं होगा इस हेतु विद्यार्थी/संस्था ही उत्तरदायी होगी)।

7. शुल्क विवरण निम्नानुसार होगा :–

पूर्वमध्यमा प्रथमखण्ड (कक्षा 9वीं) के लिये परीक्षा शुल्क एवं अन्य शुल्क का विवरण

क्रं	विवरण	शुल्क
1.	पोर्टल फीस	50.00
2.	परीक्षा शुल्क (अनिवार्य)	400.00
3.	ग्राह्यता शुल्क (अन्य प्रदेश से आये छात्रों के हेतु)	200.00

पूर्वमध्यमा (कक्षा 10वीं) के लिये परीक्षा शुल्क एवं अन्य शुल्क का विवरण

क्रं	विवरण	शुल्क
1.	पोर्टल फीस	50.00
2.	परीक्षा शुल्क (अनिवार्य)	400.00
3.	अंकसूची शुल्क (अनिवार्य)	50.00
4.	नामांकन शुल्क (सह–पत्र)(अनिवार्य)	200.00
5.	नामांकन प्रमाण–पत्र(डुप्लीकेट)	50.00
6.	ग्राह्यता शुल्क (आवश्यकतानुसार)	300.00
7.	माईग्रेशन (आवश्यकतानुसार)	100.00
8.	अतिरिक्त विषय शुल्क (प्रति विषय)	100.00
9.	प्रवेश–पत्र शुल्क (डुप्लीकेट)	50.00
10.	डुप्लीकेट अंकसूची	250.00
11.	पुनर्गणना शुल्क (प्रति विषय)	200.00
12.	प्रायोगिक परीक्षा शुल्क (प्रति विषय)(विषय चयन अनुसार)	50.00
13.	ऐच्छिक विषय शुल्क	100.00
14.	उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति(प्रति विषय)	500.00

उत्तरमध्यमा प्रथमखण्ड (कक्षा 11वीं) के लिये परीक्षा शुल्क एवं अन्य शुल्क का विवरण

क्रं	विवरण	शुल्क
1.	पोर्टल फीस	50.00
2.	परीक्षा शुल्क (अनिवार्य)	500.00
3.	ग्राह्यता शुल्क (अन्य प्रदेश से आये छात्रों के हेतु)	300.00

उत्तरमध्यमा (कक्षा 12वीं) के लिये परीक्षा शुल्क एवं अन्य शुल्क का विवरण

क्रं	विवरण	शुल्क
1.	पोर्टल फीस	50.00
2.	परीक्षा शुल्क (अनिवार्य)	650.00
3.	अंकसूची शुल्क (अनिवार्य)	70.00
4.	नामांकन शुल्क (सह–पत्र)(अनिवार्य)	200.00
5.	नामांकन प्रमाण–पत्र(डुप्लीकेट)	50.00
6.	ग्राह्यता शुल्क (आवश्यकतानुसार)	400.00
7.	माइग्रेशन शुल्क (अनिवार्य) **एक बार देय**	250.00
8.	प्रवेश–पत्र शुल्क (डुप्लीकेट)	50.00
9.	डुप्लीकेट अंकसूची	300.00
10.	पुनर्गणना शुल्क (प्रति विषय)	200.00
11.	प्रायोगिक परीक्षा शुल्क (प्रति विषय)(विषय चयन अनुसार)	100.00
12.	अतिरिक्त विषय शुल्क (प्रति विषय)	150.00
13.	ऐंच्छिक विषय शुल्क (प्रति विषय) सैद्धांतिक	150.00
14.	ऐंच्छिक विषय शुल्क (प्रति विषय) प्रायोगिक	100.00
15.	उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति (प्रति विषय)	500.00

पूरक परीक्षा शुल्क

क्रं	कक्षा	शुल्क	विवरण	शुल्क	विवरण
1.	पूर्वमध्यमा 10वीं	250.00	प्रतिविषय सैद्धान्तिक	100.00	प्रतिविषय प्रायोगिक
2.	उत्तरमध्यमा12वीं	300.00	प्रतिविषय सैद्धान्तिक	200.00	प्रतिविषय प्रायोगिक

निदेशक
महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान
भोपाल

पृष्ठाकन क्रं./म.प.सं.सं./परीक्षा/2017/1307 भोपाल दिनांक 30/6/2017

प्रतिलिपि :–

1. सचिव,माननीय मुख्यमंत्री जी अध्यक्ष, साधारण परिषद् महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान,भोपाल।

2. निज सचिव,माननीय मंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग एवं अध्यक्ष, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान,भोपाल।
3. अपर मुख्य/प्रमुख सचिव,स्कूल शिक्षा/उच्चशिक्षा/आयुक्त, लोक शिक्षण/आदिवासी विकास/उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन।
4. समस्त कलेक्टर/पुलिस अधीक्षक मध्यप्रदेश।
5. सचिव,माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।
6. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश।
7. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश।
8. समस्त जिला संस्कृत प्रभारी, मध्यप्रदेश।
9. समस्त संकुल प्राचार्य, शासकीय उ.मा.वि./हाई स्कूल, मध्यप्रदेश।
10. महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान से सम्बन्धित समस्त संस्कृत महाविद्यालय/विद्यालय/पाठशाला की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

निदेशक
महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान
भोपाल